卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 246 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦12 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सिग्नल में गड़बड़ी से हुआ था बालासोर ट्रेन हादसा, पांच रेल कर्मी हिरासत में

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। ओडिशा के बालासोर जिले के बाहानगा में 2 जून को हुए भयावह ट्रेन हादसे को लेकर एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है, जिसमें सिग्नल में गड़बड़ी होने की बात सामने आई है। इसके कारण इंटरलॉकिंग सिस्टम फेल हो गया था। सूत्रों का कहना है कि जांच के दौरान सीबीआई के हाथ एक बड़ी जानकारी लगी है। कोरोमंडल के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले सिग्नल की खराबी का पता चला था। दो जून की सुबह कर्मचारियों ने बाहानगा बाजार स्टेशन के सहायक स्टेशन मास्टर



(एएसएम) को गड़बड़ी की जानकारी दी। इसके बाद एएसएम ने टेक्नीशियन को बुलाया, लेकिन चूंकि उसके आने में देरी हो रही थी तो उसे फोन किया गया है और ट्रेन के संचालन के लिए सिग्नलिंग सिस्टम ठीक करने को कहा। करीब 11 बजे टेक्नीशियन ने सिग्नल सिस्टम को ठीक किया। हालांकि, एएसएम ने यह जांच नहीं की कि उक्त सिग्नलिंग सिस्टम ठीक से काम कर रहा है या नहीं। शाम को सिग्नल सिस्टम में फिर से खराबी आई थी, जिससे इतना बड़ा रेल हादसा होने की बात सीबीआई के पास सबूत के तौर पर हाथ आई है। इस गड़बड़ी के चलते (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार पलटने से चार लोग घायल

टिहरी(उद संवाददाता)। टिहरी के थाना छाम क्षेत्रान्तर्गत सुनारगांव में एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में चालक सहित चार घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक देहरादून से उत्तरकाशी जा रही सैन्ट्रो कार संख्या यूके 07 डीएम 7531 सोमवार को प्रातः साढ़े सात बजे सुनारगांव में अनियंत्रित होकर सड़क में ही पलट गई। कार में केवल चार लोग ही सवार थे। हादसे में डॉ सबिता चौधरी पत्नि डॉ नरेंद्र तोमर (31वर्ष), डॉ प्रिया त्यागी पत्नि राकेश (35 वर्ष), अजय (04वर्ष) पुत्र नरेंद्र, सविता (60वर्ष) पत्नि प्रदीप त्यागी सभी निवासी अधोइवाला देहरादून घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना



पुलिस द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से अपने वाहन एवं 108 के माध्यम से घायलों को सीएचसी छाम पहुंचाया गया। थानाध्यक्ष एसएचओ प्रदीप पंत ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद बुजुर्ग सविता के पांव में फ्रैक्चर होने के कारण हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया। दोनों महिला डॉक्टर जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में सेवारत हैं व ड्यूटी के लिए देहरादून से उत्तरकाशी जा रही थीं। संभवतः झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई है।

गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## ब्राजील से पहुंचा नेवी के जवान का शव

### परिजनों की मांग पर पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मर्चेन्ट नेवी में तैनात धौलपुर निवासी सहजदीप सिंह चावला का शव लम्बी प्रक्रिया के बाद सोमवार को रूद्रपुर पहुंचा। उनका शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की इच्छा पर यहां सहजदीप सिंह का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद दोपहर को किच्छा रोड स्थित मोक्षधाम में सैन्य सम्मान के साथ गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार हुआ। सहजदीप सिंह का एक मई को ब्राजील में निधन हो गया था। धौलपुर



निवासी 22 वर्षीय सहजदीप सिंह चावला पुत्र जसवीर सिंह चावला मर्चेन्ट नेवी में तैनात थे। 8 नवम्बर को उन्हें ब्राजील भेजा गया था। 1 मई को उनका संदिग्ध परिस्थितियों में निधन हो गया था। वहां के अधिकारियों के मुताबिक सहजदीप सिंह की मृत्यु गैस रिसाव के चलते हुयी है। एक मई को सहजदीप सिह के निधन के बाद शव को स्वदेश लाने की प्रक्रिया चल रही थी। लम्बी प्रक्रिया के बाद ब्राजील से शव को दिल्ली लाया गया। वहां से एम्बुलेंस में सोमवार सुबह शव को रूद्रपुर लाया गया।शव यहां पहुंचते ही परिजनों (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांग्रेस नेता पनेरू को जान का खतरा

रूद्रपुर। पूर्व दर्जा मंत्री एवं राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू ने खुद को जान माल का खतरा बताते हुए प्रशासन से अपनी और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगायी है। सिटी क्लब में पत्रकारों से मुखातिब हुए कांग्रेस नेता हरीश पनेरू ने कहा कि वह प्रमुख राज्य आंदोलनकारी होने के साथ साथ छात्र नेता भी रहे हैं और पिछले 15 वर्षो से सिडकुल पंतनगर एवं नैनीताल संसदीय क्षेत्र में जनसरोकारों के मुद्दों को उठा रहे हैं। पिछले वधिानसभा चुनाव से कुछ राज्य विरोधी ताकतें उनकी हत्या करवाने की साजिश रच रही हैं क्यों कि वह किच्छा विधानसभा से चुनाव में



कांग्रेस पार्टी के टिकट के प्रबल दावेदार थे। 2022 में चुनाव से पहले किच्छा के अग्रसेन धर्मशाला में उनकी हत्या का प्रयास किया गया था लेकिन कुछ लोगों के बीच बचाव के कारण उनकी जान बच पायी थी। पनेरू ने बताया कि पिछले दिनों बंडिया में अतिक्रमण विरोधी अभियान में गरीबों को उजाड़े जाने के बाद पुनर्वास की ाामंग को लेकर किच्छा में एसडी एम कार्यालय में प्रदर्शन किया गया था जिसमें जनता द्वारा न्याय नहीं मिलने पर जनप्रतिनिधियों का मुंह काला करने की बात कही गयी थी जिसका उन्होंने खुद भी समर्थन किया था। जिसके बाद कुछ जनप्रतिनिधि उनकी जान के पीछे पड़ गये है और उन्होंने न सिर्फ खानदान को ललकारा बल्कि पहाड़ियों को भी देख लेने की धमकी (शेष पृष्ठ सात पर)

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाये एक लाख

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोरियर डीएक्टिवेट बताकर उसे एक्टिवेट करने के नाम पर एक शख्स ने महिला के बैंक खाते से 99 हजार 999 की रकम पार कर दी। पुलिस ने सूचना के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कचनाल गाजी काशीपुर निवासी बलजीत कौर पुत्री भूपेंद्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जनपद में निर्वाचन विभाग ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। कुमाऊं भर के अधिकारियों की पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रुद्रपुर के यूआईआरडी सभागार में किया गया। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को देखते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। डीएम युगल किशोर पंत ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी



साझा की। ट्रेनिंग के माध्यम से मास्टर ट्रेनरो को महत्वपूर्ण जानकारी इस कार्यशाला के माध्यम से दी गई। साथ ही उन्होंने बताया किस तरह से आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन चुनाव में मतदान सूची में लोगों के (शेष पृष्ठ सात पर)

## टुकटुक चालक की मौत के मामले में हत्या का केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र में टुकटुक चालक की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बता दें शनिवार शाम सिडकुल स्थित ससेना कंपनी के पीछे गन्ने के खेत में एक शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान राकेश कुमार उर्फ पंकज पुत्र प्रभाश कुमार के रूप में हुयी। मृतक टुक टुक चलाता था और जगतपुरा में किराये के मकान में रहता था। मौत की सूचना पर फरूखाबाद में मृतक के भाई विवेक कुमार को मिली तो वह रूद्रपुर पहुंचा। उसने तहरीर देर कहा कि अज्ञात लोगों ने उसके भाई की चाकू घोंपकर हत्या की है और शव को गन्ने के खेत में छुपा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कैंची धाम में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब, दर्शन के लिये लगी कतारें

## कैंची धाम में 14 व 15 जून को मेले व भंडारे का होगा आयोजन, तैयारी जारी
## अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर 15 जून तक भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

नैनीतान। बाबा नीम करोली महाराज के पावन कैंची धाम में 15 जून को लगने वाले मेले के लिए अभी से ही देश विदेश से पहुंच रहे टूरिस्टों व भक्तों की कैंचीधाम में भीड़ जुटने लगी है। शनिवार को धाम में भक्तों की खासी भीड़ रही। जिसके कारण भक्तों को सड़क से मंदिर तक लंबी लाइन में खड़े रहना पड़ा। तब जाकर उन्हें दर्शन करने को मिले।कैंची धाम में भक्तों का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया है। यूं तो साल भर यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। लेकिन जून के दूसरे सप्ताह में यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश-विदेश से पहुंचते हैं।शनिवार को धाम में भक्तों का सैलाब उमड़ा। जिसके कारण लोगों को धाम के गेट से लेकर सड़क तक लंबी-लंबी कतारों में लगरकर दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ा।कैंची धाम में 14 व 15 जून को लगने वाले के मेले के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को भी भीड़ ज्यादा होने के कारण पुलिस बल भक्तों की सुविधा के लिए लगातार भीड़ को नियंत्रित करता रहा। लेकिन भीड़ ज्यादा होने के कारण उन्हें खासी मशक्कत करनी पड़ी।कैंची धाम का 15 जून को स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर हर साल धाम में विशाल भंडारे और मेले का आयोजन किया जाता है। भंडारे में बाबा नीम करौली महाराज का मनपसंद मालपुआ का प्रसाद दिया जाता है। इस प्रसाद को ग्रहण करने के लिए देश से ही नहीं अपितु विदेशों से भी लोग आते हैं। कैंची धाम में श्रद्धालुओं की संख्या लागातार बढ़ती जा रही है। जबकि इस साल मेले में दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया गया है। जिसके चलते रूट डायवर्ट कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए सुबह छह से रात 11 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। 15 जून तक भारी वाहन अल्मोड़ा से वाया क्वारब रामगढ़ होते हुए भवाली को जाएंगे। जबकि रानीखेत से हल्द्वानी जाने वाले वाहन भी वाया क्वारब होते हुए जाएंगे। ये व्यवस्था 15 जून तक लागू रहेगी। इस अवधि में अति आवश्यक सेवाओं को जाने की छूट होगी। लेकिन इन्हें भी बारी-बारी से भेजा जाएगा।



# सहोता हॉस्पिटल के पांच वर्ष पूर्ण होने पर दी शुभकामनायें

काशीपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के नामी-गिरामी अस्पतालों में शुमार सहोता मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सफलतम पांच वर्ष पूर्ण होने पर रविवार की शाम भव्य समारोह के दौरान दर्जनों की तादाद में जुटे क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावा चिकित्सक व्यापारी शिक्षाविद उद्यमी एवं राजनीति के क्षेत्र से जुड़े लोगों ने सहोता परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अस्पताल के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रवि सहोता, न्यूरो सर्जन डॉक्टर गुरुपाल सहोता, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवप्रीत कौर सहोता ने आए अतिथियों का आभार जताया। रामनगर रोड स्थित एक होटल के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ विधिवत शुरू हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट की मौजूदगी दर्ज रहीं जबकि विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा,भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, युवा कांग्रेस नेता अर्पित मेहरोत्रा, डॉक्टर महिपाल सिंह, सुरेंद्र नामधारी, संदीप सहगल, आदि मौजूद रहे। अपने उद्‌बोधन में मुख्य अतिथि अजय भट्ट ने कहा कि सहोता अस्पताल ने जिस तरह से बड़े ही कम समय में चिकित्सा के क्षेत्र में जिले ही नहीं वरन पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बनाई है वह किसी उपलब्धि से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि रोगियों की सेवा सुश्रवा करना उन्हें सही उपचार देना उनके साथ शालीनता व सादगी से पेश आना चिकित्सीय पेशे के असल गुण हैं। उन्होंने कहा कि अपने 5 वर्षों के सफर में सहोता अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ रवि सहोता एवं डॉ गुरपाल सहोता ने दर्जनों लोगों को नई जिंदगियां दी। चिकित्सक बंधुओं के द्वारा लगातार दी जा रही सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता। कोरोना काल में भी सहोता बंधुओं ने बड़ी ही विषम परिस्थितियों में दायित्वों का निर्वहन करते हुए अनगिनत रोगियों को मौत के मुंह से बाहर निकाला। इसी तरह भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भी डॉ रवि सहोता एवं डॉ गुरपाल सहोता के द्वारा दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए अस्पताल के उज्जवल भविष्य की कामना की। सुखीजा ने कहा कि चिकित्सक बंधुओं की सेवा सहयोग एवं व्यवहारिकता से नई पीढ़ी के चिकित्सकों को सीख लेते हुए कार्य करना चाहिए। इस मौके पर डॉ नागेंद्र सिंह, डॉक्टर जेड अंसारी, डॉ पायल मल्होत्रा, डॉक्टर अखिलेश समेत बड़ी तादाद में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# व्यापारी एवं उद्यमी ही हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हमारे व्यापारी एवं उद्यमी ही हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और ब्राण्ड इण्डिया के सबसे अच्छे अम्बेसडर भी हैं। अगले 25 वर्षों में जब भारत एक अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होगा, उसमें व्यापारियों, उद्यमियों का अहम योगदान होगा। कार्यक्रम में विधायक श्री विनोद चमोली, श्री खजान दास, श्रीमती सविता कपूर, मेयर देहरादून श्री सुनील उनियाल गामा, व्यापार मण्डल तथा 162 विभिन्न व्यापार मंडलों व संगठनों के सदस्य, भारी संख्या में व्यापारी तथा उद्योगपति उपस्थित रहे।



# मुफ्त में सामान नहीं देने पर ठेली संचालक को पीटा

देहरादून(उद संवाददाता)। फ्री में चाऊमीन व मोमोज खाने को नहीं दिए तो मुस्लिम व्यक्ति ने ठेली संचालक को पीट दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आ गए और तनावपूर्ण माहौल बन गया। पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत करवाया। इस मामले में मुस्लिम पक्ष के तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकेश यादव निवासी श्रीदेव सुमननगर बल्लूपुर रोड ने बताया कि वह अपने घर के बाहर ही एक फास्ट फूड सेंटर चलाता है। रविवार रात को वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था तो एक शोएब नाम का लड़का जोकि आपराधिक प्रवृति का है, उसने चाऊमीन व मोमोज फ्री में खाने के लिए मांगा। मना करने पर आरोपित ने मार पिटाई शुरु कर दी। जब रोकने का प्रयास किया तो उसने फोन पर अपने पिता राशिद एवं भाई सहित अन्य को मौके पर बुला लिया। आरोपितों ने उसके घर पर घुसकर धारदार हथियारों, लाठी डंडो से जानलेवा हमला किया गया। इस दौरान अशोक थापा व गौरव कपूर को गंभीर चोटें आई। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। कैंट कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और वहां जमा लोगों को खदेड़ा। कैंट कोतवाली के इंस्पेक्टर संपूर्णानंद गैरोला ने बताया कि इस मामले में चार आरोपित शोएब, उसके पिता राशिद, भाई हरीश सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जाम में फंसी एंबुलेंस में हुई महिला की डिलीवरी

ऋषिकेश।पूरे प्रदेश में ट्रैफिक जाम की समस्या आम हो गई है। ऋषिकेश में शनिवार शाम से ही ट्रैफिक जाम के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। शहर में इतनी देर तक ट्रैफिक जाम था कि एक महिला की डिलीवरी 108 एंबुलेंस में ही करवानी पड़ी। वीकेंड पर ऋषिकेश में लोगों को भयंकर ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। यहां ऋषिकेश से लेकर तपोवन शिवपुरी तक जाम लगा रहा। जाम के कारण काफी देर तक आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित रही। इसी जाम के बीच एक एंबुलेंस फंस गई।शिवपुरी क्षेत्र से प्रसव पीड़ा के कारण एक महिला को उसके परिजन निजी वाहन से महिला को अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन निजी वाहन जाम में फंस गया। जिसके बाद 108 सेवा को फोन किया।एंबुलेंस पहुंच तो गई लेकिन अस्पताल दूर था जिस कारण एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। दर्द से तड़पती महिला की एंबुलेंस कर्मियों ने वाहन के भीतर ही डिलीवरी की।मिली जानकारी के मुताबिक टिहरी गढ़वाल निवासी मोहित पुंडीर की पत्नी रमिला देवी को प्रसव पीड़ा हो रही थी। जिसके बाद वो अपने निजी वाहन से अस्पताल लेकर जा रहे थे। लेकिन ट्रैफिक जाम होने के कारण वो आगे नहीं जा पा रहे थे।जिसके बाद सूझबूझ काम लेते हुए उन्होंने 108 एंबुलेंस पर कॉल की। एंबुलेंस तो पहुंची लेकिन रास्ते में ये भी जाम में फंस गई। जिसके बाद एंबुलेंस कर्मियों ने मुनिकीरेती के पास प्रसव करवाया। सभी लोग दोनों स्टाफ की तारीफ कर रहे हैं।

# अब खूब प्रचारित है मडुवा मगर बोने वाले हो रहे गायब

## पूर्व सीएम हरदा ने की सीएम धामी की सराहना,मुख्यमंत्री उत्तराखंड को मडुवे की बुवाई करते देखना अच्छा लगा

देहरादून(उद ब्यूरो)। हिमालयी राज्य उत्तराखंड में पहाड़ी उत्पादों की ब्रांडिग के साथ ही मोटे अनाजों की बुआई को बढ़ावा देने की पहल करने में जुटे पूर्व सीएम एवं विपक्षी दल कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने अब अपनी सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई मडुवा प्रोत्साहन योजनाओं को दोबारा शुरू करने की अपील की है। रविवार को हरदा ने सीएम पुष्कर सिंह धामी की सराहना करते हुए एक पोस्ट में बताया है कि मुख्यमंत्री उत्तराखंड को मडुवे की बुवाई करते देखना अच्छा लगा, छोटा हाथी (छोटा ट्रैक्टर) भी चलाया। कितना अच्छा होता कि हमारी सरकार ने जो मडुवे के खरीद मूल्य के साथ मडुवा और उसके समकक्ष जितनी भी प्रजातियां हैं, जिसमें मारसा से गहत तक, कौणी, झंगोरे से लेकर सारे मोटे अनाज सम्मिलित हैं, मिर्च भी सम्मिलित हैं, उसमें बोनस देने की योजना क्रियान्वित की थी, 1000 प्रति कुंतल बोनस देते थे, मडुआ, झंगोरा, मारसा आदि-आदि पर और महिला स्वयं सहायता समूहों को हमने मडुवा थ्रेसर बनवा करके उसका प्रोडक्शन करवाकर के वो थ्रेसर सौंपे थे और उनको 10,000 के ऋण पर दिए जाते थे, और उनसे कहा गया था कि जो इससे आमदनी होगी, वह सब आपकी और ऋण ब्याज मुक्त था, अनुदान युक्त 10000 के ऋण पर था और उसी पर उनको छोटा हाथी भी दिया जाता था जिसको छोटा ट्रैक्टर कहते हैं। लेकिन आज की सरकार ने वो सारी योजनाएं समाप्त कर दी हैं, तो मडुआ अब खूब प्रचारित है। चाहे श्री पुष्कर सिंह धामी को वह मिलेट लगता हो, लेकिन मैं तो उसमें मडुआ ही अपनी मां, चाचा- चाची, दादी-बहु इन सबकी सूरत देखता हूं। मगर मडुवा बोने वाले गायब हो रहे हैं, यदि उनको वापस लाना है तो फिर जो प्रोत्साहन की नीति हमने बनाई थी, उसको और मजबूत करके उसको लागू करिये। राजनीति में पार्टी से परहेज होता है, योजनाओं से परहेज नहीं होता।







# सीएम ने लाइन शोइंग विधि से की बुआई कर महिलाओं को वितरित किए मडुए के बीज

उत्तरकाशी। दो दिवसीय उत्तरकाशी दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सीमांत विकासखंड भटवाड़ी के ग्राम सिरोर, नेताला में प्रातः काल भ्रमण के दौरान ग्राम वासियों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने भागीरथी नदी से हो रहे कटाव के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री धामी ने स्थानीय लोगों से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया और ग्राम सिरोर के खेतों में पावर वीडर से जुताई की और लाइन शोइंग विधि से मंडुए की बुआई कर महिलाओं को मंडुए के बीज भी वितरित किए। उन्होंने विभिन्न कृषि उपकरणों के बारे में जानकारी लेते हुए आधुनिक उपकरणों को किसानों को ज्यादा से ज्यादा वितरित किए जाने की बात कही। उन्होंने खेतों में जीवामृत एवं बीजामृत खाद का भी छिड़काव किया और खेतों में इन खादों के इस्तेमाल को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाए जाने की भी बात कही। मुख्यमंत्री श्री धामी ने इस अवसर पर गांव में फलदार पौधों का रोपण भी किया। उन्होंने कहा कि बंजर भूमि में हम अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने चहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाए जाने का सपना गांव को आदर्श एवं सर्वश्रेष्ठ बनाने से ही पूरा होगा।

# गंगा में डूबे दोस्त को बचाने नदी में कूदे चार युवकों को एसडीआरएफ की टीम ने बचाया

ऋषिकेश। दिल्ली में आईटीआई के छह छात्र रविवार को ऋषिकेश घूमने आएम त्रिवेणी घाट के समीप नाव घाट में नहाते वक्त एक छात्र डूब गया। चार अन्य छात्र उसे बचाने के लिए गंगा में कूद पड़े वह भी डूबने लगे। वहां से गुजर रही एसडीआरएफ की राफ्टिंग टीम ने चारों को बचा लिया। एसडीआरएफ की टीम ने छात्र अभिषेक को गंगा के भीतर करीब 20 फीट गहराई से बाहर निकाला। जिसे सीपीआर भी दिया गया, तब तक उसकी मौत हो गई थी। रविवार की दोपहर करीब 12:00 दिल्ली से छह दोस्त ऋषिकेश घूमने के लिए आए। यहां नाव घाट मायाकुंड के समीप इनमें से एक छात्र प्रतीक निवासी कैंट दिल्ली गंगा में नहाने के लिए चला गया। इस बीच वह डूबने लगा। इसे बचाने के लिए उसके दोस्त शिवा, विशाल, अभिषेक, शिवम भी गंगा में कूद पड़े। इनमें से किसी को भी तैरना नहीं आता था। इस दौरान यहां से एसडीआरएफ की एक टीम ब्रह्मपुरी में डूबे श्रद्धालु की तलाश करने के लिए सर्चिंग कर रही थी। एसडीआरएफ की टीम ने चार युवकों को बचा लिया। लेकिन एक छात्र अभिषेक (20 वर्ष) पुत्र किशनचंद निवासी निलोठी नागलेइ नई दिल्ली गंगा में डूब गया। जिसका पता नहीं चल पाया। गंगा में डूबे छात्रा अभिषेक सहित उसके साथी आइटीआइ जेल रोड हरी नगर नई दिल्ली में फीडर ट्रेड के छात्र थे। इनमें एक छात्र सौरभ किनारे पर बैठा हुआ था। उसने ही त्रिवेणी घाट पुलिस चौकी घटना की सूचना दी। इसके बाद चौकी प्रभारी विनोद कुमार टीम सहित मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ के निरीक्षक कविंद्र सिंह सजवाण ने बताया कि घटनास्थल पर हेड कांस्टेबल अर्जुन सिंह, किशोर कुमार, प्रकाश मेहता, सुमित नेगी और रविंद्र सिंह ने गोताखोर की मदद से छात्र अभिषेक को नदी से बाहर निकाला।



# किच्छा में धर्मांतरण कराने का प्रयास करने के आरोप में दो लोगों को यूपी से दबोचा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर में लव जिहाद के साथ ही अब इसाई मिशनरी की सक्रियता से धर्मांतरण के प्रयास का भंडाफोड़ करते हुए जनपद की पुलिस ने यूपी से दो कथित आरोपियों को दबोचकर मामले में पूछताछ शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार किच्छा में धर्मांतरण करवाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोग किराये के कमरे में रहकर प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के नाम पर इस अभियान में जुटे थे। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों यूपी के बरेली जिले के रहने वाले हैं। सीओ ओमप्रकाश शर्मा ने रविवार को कोतवाली में बताया कि नौ जून को आजादनगर के पूर्व प्रधान राजकुमार कोली और बंगाली कॉलोनी ने इस मामले की सूचना दी थी। उनका आरोप था कि बंगाली कालोनी आजाद नगर में कुछ लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों ने बताया कि बरेली (यूपी) के वार्ड 1 धौराटांडा थाना भोजीपुरा निवासी विकास कुमार और अंकितपाल पांच जून को बंगाली कॉलोनी आजाद नगर में मुनीष भारती के किराये के कमरे में आए थे। आरोप है कि दोनों मुनेश भारती, उनके परिवारीजनों और मोहल्ले कुछ लोगों को बैठाकर प्रार्थना सभा का आयोजन करा रहा थे। प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के बहाने बेहतर शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और बेहतर जीवन शैली का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करवा रहे थे। यह भी आरोप लगाया कि लोगों के खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई थी। सीओ ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि दोनों को शनिवार शाम नारायण नगला बहेड़ी (यूपी) से गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्यक्रम की अनुमति डीएम, बेसिक शिक्षा अधिकारी या किसी अन्य अधिकारी से नहीं ली गई थी। विकास कुमार वर्ष 2008 से दिसंबर 2022 तक सिलीगुडी पश्चिम बंगाल में एक धर्मस्थल में काम करता था। सीओ ओमप्रकाश ने कहा कि बहला फुसलाकर धर्मांतरण करवाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सीओ ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि एक होटल में दो अमेरिकन पासपोर्ट की फोटो कॉपी मिली हैं। इसकी भी जांच की जा रही है। सीओ ने बताया कि होटलों में जांच की जाएगी। बिना आईडी के किसी यात्री को रुकने देने पर होटल मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी को तभी भेजेंगे जब उसका पूरा परिवार भी धर्म परिवर्तन करेगा!

किच्छा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। इसमें एक युवक कह रहा है कि वह रुद्रपुर के पास एक गांव का रहने वाला है। उसकी शादी ढाई साल पहले किच्छा के एक गांव में हुई थी। उसकी पत्नी दो साल से मायके में ही रह रही है। उसका आरोप है कि साले और ससुर के दबाव से उसने धर्म परिवर्तन कर लिया। अब उसके साले और ससुर कहते हैं कि वह पत्नी को तभी भेजेंगे जब उसका पूरा परिवार धर्म परिवर्तन करेगा।

# प्रेमिका के ससुरालियों को फोटो व वीडियो भेजकर तुड़वा दी शादी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कहते हैं प्यार में प्रेमी अपनी प्रेमिका को किसी दूसरे के साथ शादी के फेरे लेना बर्दाश्त नहीं करता। इसी जुनून में एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के होने वाले ससुरालियों को उसके निजी फोटो व वीडियो भेज उसकी शादी तुड़वा दी। प्रेमी को प्रेमिका का शादी करना मंजूर नहीं हुआ और उसने प्रेमिका के होने वाले पति को उसके निजी फोटो भेज दिए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि कोटद्वार निवासी अखिलेश देवरानी पुत्र प्रसन्न देवरानी 2019 में उसके साथ रुद्रपुर सिडकुल स्थित एक कंपनी में काम करता था। दोनों के बीच दोस्ती हुई और प्यार हो गया। आरोप है कि अखिलेश ने शादी का झांसा देकर उसकी निजी फोटो और वीडियो बना ली और उससे शादी करने से इंकार कर दिया। इस बीच पीड़िता के परिजनों ने उसकी शादी रानीखेत निवासी एक युवक से तय कर दी। बीती 16 अप्रैल को



उसकी सगाई हो गई। जब इसकी भनक अखिलेश को लगी तो उसने होने वाले पति को उल्टे सीधे मैसेज भेजने शुरू कर दिए और उसकी होने वाली पत्नी के बारे में गलत बातें बोलने लगा। इस मामले को लेकर जब अखिलेश को उसी समय मौके पर बुलाया गया तो उसने गलती मानते हुए अपनी गलती स्वीकार कर ली और माफीनामा भी दिया। इस बीच 12 जून को शादी की तारीख तय कर दी गई, लेकिन इससे पहले 6 जून को अखिलेश ने उसके होने वाले पति व जेठ को फेसबुक में अभिषेक शर्मा नाम की आईडी से मैसेज किए और प्रेमिका की निजी फोटो उनकी फेसबुक आईडी में भेज दिए। जिसके बाद होने वाले पति ने पीड़िता को वही फोटो व्हाट्सएप पर भेजे। जिसके बाद पीड़िता ने अखिलेश से ऐसा न करने की गुजारिश की, लेकिन अखिलेश गाली-गलौच पर उतारू हो गया और प्रेमिका के निजी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देने लगा। इन सबके बीच प्रेमिका की होने वाली शादी टूट गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर एक नाबालिग का यौन उत्पीड़न करना एक व्यक्ति को उस समय महंगा पड़ गया। जब पुलिस ने नाबालिक के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के उपरांत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री 5जून 2023 को समय 11 बजे कम्प्यूटर क्लास जाने के लिये कहकर घर से निकली थी परंतु वह लौटकर घर वापस नही आई। लापता की गुमशुदगी दर्ज करते हुए मामले की जांच गूलरभोज चौकी प्रभारी उपनि0 राकेश कठायत को सौंपी गई थी। लडकी की गुमशुदगी के प्रकरण के दृष्टिगत उसकी शीघ्र बरामदगी हेतु उच्चाधिकारीगणों के आदेश पर थानाध्यक्ष राजेश पांडे के नेतृत्व मे शीघ्र टीम का गठन कर गुमशुदा को अभियुक्त अकबर पुत्र कय्यूमउद्दीन अंसारी निवासी कालोनी नं0 02 गूलरभोज थाना गदरपुर के साथ बरामद



किया गया। पुलिस के मुताबिक गुमशुदा /पीडिता द्वारा अपने बयानो मे अभियुक्त अकबर द्वारा उसके साथ विगत 3 वर्षो से शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक शोषण किये जाने की बात सामने आई थी। चूंकि घटना के समय गुमशुदा/पीड़िता बालिग थी। बयानों में उसके साथ शारीरिक शोषण होने के तथ्य प्रकाश में आये जिस कारण अभियोग में धारा 376 भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। अभियोग महिला शारीरिक शोषण से संबन्धित होने के कारण विवेचना उपनि0 कुसुम रावत के सुपुर्द की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। वही पीड़िता को बाद आवश्यक कार्यवाही के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पांडे,एसआई राकेश कठायत, महिला एसआई कुसुम रावत, कॉन्स्टेबल दीपक जोशी आदि थे।

# सरकार के नुमाइंदे जनता को कर रहे भ्रमित: कर्नाटक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। प्रेस को जारी एक बयान में उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि सरकार के नुमाइंदें एवं महत्वपूर्ण पदों में बैठे जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा जनता को ये कह कर भ्रमित किया जा रहा है कि एन एच 87 का विस्तारीकरण नगर से न करके चोंसली कोसी एवं पांडे खोला शैल चितई बाईपास बनाने का आदेश कर दिया गया है,उन्होंने कहा कि यदि इस बात में रत्ती भर की भी सच्चाई है तो सरकार के प्रवक्ता बने उन जनप्रतिनिधि को इसका शासनादेश अथवा डीपीआर की कॉपी जनता के सामने रखनी चाहिए।उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता एवं जनता द्वारा निर्वाचित कर महत्वपूर्ण पदों में बैठाए गए व्यक्ति बिना किसी जानकारी के मंचों से एवं एक पोर्टल के माध्यम से यह वक्तव्य दे रहे है कि नेशनल हाईवे 87 का विस्तारीकरण चोंसली से कोसी एवं पांडे खोला शैल चितई बाईपास स्वीकृत कर दिया गया है।कुछ लोग राजनीति के



उद्देश्य से लोगो को बहकाने का काम कर रहे है।श्री कर्नाटक ने कहा कि उनके द्वारा विगत दस बारह वर्षो से लगातार ज्ञापन के माध्यम से, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.पी.जोशी से व्यक्तिगत रूप से चार बार मिलकर वार्ता की गई है।उन्होंने कहा कि केवल केंद्रीय मंत्री गडकरी द्वारा ही उन्हें यह आश्वासन भी दिया है कि एन एच 87 का विस्तारीकरण नगर से नही किया जायेगा और इसे चोंसली से ही किया जाएगा, लेकिन इस संबंध में आज तक न कोई शासनादेश निर्गत हुआ है और न ही अभी इसकी डीपीआर बनी है।उन्होंने कहा कि आज जनता को भ्रमित करना वाले नेता ये बताएं कि कितनी बार उन्होंने जनहित में इस राष्ट्रीय राजमार्ग को नगर से न आने देने के लिए अपने स्तर से प्रयास किए है,यदि इन लोगों के द्वारा एक भी प्रयास इस मुद्दे पर किया गया है तो उसका साक्ष्य जनता के सामने रखें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में फायदा लेने के लिए जनता को भ्रमित किया जा रहा है।

# 23 जून से रथ यात्रा निकालेंगे एसएसबी स्वयं सेवक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। यहां एक होटल में पत्रकारों से बात करते हुए एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मा नन्द डालाकोटी ने कहा कि अल्मोड़ा जिला मुख्यालय में एस एस बी स्वयं सेवकों के धरने को 22जून को 5000दिन पूरे होंगे। इस अवसर एस एस बी गुरिल्लों द्वारा अल्मोड़ा में विशाल प्रदर्शन किया जायेगा। 5001वें दिन 23जून से अल्मोड़ा से एक रथ यात्रा निकाली जायेगी जो राज्य के गुरिल्ला बहुल 11जनपदों में सभी बड़े शहरों कस्बों से गुजरेगी। यात्रा के दौरान स्थान स्थान पर गुरिल्ला प्रतिनिधि गुरिल्लों की सभाओं को संबोधित करने के साथ आम जनता से भी संबाद करेंगे। सभाओं विगत 17सालों से चल रहे आंदोलन की पीड़ा एवं सरकार के द्वारा उनके साथ किए गये छल को उद्घाटित किया जायेगा तथा गुरिल्लों के प्रशिक्षण के महत्व और आज भी उनकी आवश्यकता को आम जनमानस तक




पहुचाया जायेगा। वार्ता में डालाकोटी ने मांग की कि मणिपुर की स्थितियों से निपटने में वहां के गुरिल्लों का सहयोग लिया जाय। उन्होंने यह भी दावा किया कि आतंकवादी, अलगाववादी ताकतों को रोकने में गुरिल्लायुक सुरक्षा प्रणाली आज भी कारगर सिद्ध होगी, उन्होंने राज्य सरकार पर गुरिल्लों के संबंध अपने ही शासनादेश व निर्णयों को लागू न करने का आरोप भी लगाया। पत्रकार वार्ता में डालाकोटी के अलावा जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला एवं जगदीश सिंह सुयाल मौजूद थे।

**वाटर प्रूफिंग**

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान

9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**जगदीश कलर लैब**

**टंडन फोटो स्टूडियो**

पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें

जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।

मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।

काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर

E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com

Web: jagdishcolourlab.com

05944-246817

**REQUIRMENT**

**Company:**
M/S SANJAY BOX INDUSTRIES
**Job Role:**
ACCOUNTANT/TALLY ERP-9
**Education Requirement:** 12TH
**Total Vacancy:** 1 Posts
**Job Locations:** Adarsh colony,rudrapur
**Experience:** Fresher
**Official e-mail:**
sanjayboxind@gmail.com
**CALL OR WHATSUP NO :**
7505084350

# वो बचपन की सभी बातें,अभी भी याद हैं मुझको

## बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति ने आयोजित किया कवि सम्मेलन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति द्वारा आयोजित हुए कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों ने स्व रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आगरा से हरीश भदौरिया, नवीन आर्या, अभिषेक मिश्रा दिल्ली , अंजू शर्मा मथुरा, बादल बाजपुरी , बाजपुर , संजय परगाँई, नैनीताल, ममता वेद बाजपुर, गुमनाम पिथौरागढ़ी पिथोरागढ़, केपी सिंह विकल बहराईच पंतनगर, डा. भावना कोटाबाग व इंद्रा तिवारी, कन्हैयालाल, योगेश, ललित, कमल हल्द्वानी से काव्य पाठ हेतु आए। बादल बाजपुरी ने कहा,वो बचपन की सभी बातें, अभी भी याद है मुझकों बिठा के कंधे पर पापा, मुझे मेला घुमाते थे।आगरा से आए हरीश भदौरिया ने कहा जब पहाड़ आँसू पिरोते हैं, तभी नदियों के धारे होते हैं।आगरा से आए नवीन आर्या ने रचना पढ़ते हुए कहा कि ये मेरे हुकूक की बात नही कि मैं तुझसे दिल लगा बैठूँ। उम्र की इस दहलीज पे नवी और भी कई काम है मुहब्बत के सिवा। हल्द्वानी की इंद्रा तिवारी ने कहा कि जीत का अध्याय लिख रही हैं बेटियां, जन्नत हमारे घर को बनाती हैं बेटियां, हमारी बेटियां हम सबकी बेटियां।कन्हैया लाल स्नेही ने कहा कि पलकों पे सजाये थे सपने कभी मिलन के,माली ने दिये तोहफे काँटों भरी



चुभन के। बाजपुर से आई ममता वेद ने कहा फिर वो मेंहमान हुए जाते हैं। खघ्त्म औसान हुए जाते हैं। वेद वो अजनबी तो बन बैठे। हम भी अनजान हुए जाते हैं।ओखलकाण्डा के कवि संजय परगाँई ने पढ़ा कितेरे प्यार में डूबा तेरी आँखों को नैनीताल लिखता हूं। ललित भट्ट ने बोला कि कली कोई फूल की खिल जाती तो अच्छा था, शादी के लिए अब कोई मिल जाती तो अच्छा था। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ आगरा से आए नवीन आर्या, संस्था के मीडिया प्रभारी संजय परगाँई , बाजपुर की ममता वेद एवं दिल्ली से आए अभिषेक मिश्रा ने किया। बुलंदी संस्था ने इससे पहले नवंबर माह में उत्तराखंड का सबसे बड़ा धरातलीय कार्यक्रम उत्तराखंड काव्य महोत्सव रुद्रपुर शहर मे आयोजित करवाया था। जिसमे देश भर से आये 300 कलमकारों ने काव्य पाठ किया था। बुलंदी संस्था ने वर्ष 2021 एवं 2022 में 207 घण्टे और 400 घण्टे अनवरत वर्च्युअल कवि सम्मेलन आयोजित करवा के दो बार विश्व रिकार्ड बना चुकी है स जिसे इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। बुलंदी संस्था उत्तराखंड के बाजपुर से संचालित होती हैं। जिसका उद्देश्य सभी नवोदित कलमकारो को मंच प्रदान करना हैं। जिसके लिए संस्था निरंतर नि:स्वार्थ भाव से कार्य कर रही हैं।

# जल्द शुरू होंगे कई विकास कार्य: खुराना

गदरपुर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने अपने प्रतिष्ठान पर आयोजित प्रेस वार्ता में शहर में हो रहे विकास कार्यों के लिए प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट एवं जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि नगर के मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण के पश्चात टाइल्स के समतलीकरण को लेकर व्यापारियों द्वारा लगातार मांग उठाई जा रही है जिसको लेकर पूर्व में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से स्वीकृति



प्रदान करा दी थी।भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि नगर में टाइल्स के समतलीकरण सहित गदरपुर के मिनी बायपास,प्राधिकरण पार्किंग में हाईटेक शौचालय का विकास कार्य जल्द प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम के माध्यम से घर घर तक भाजपा सरकार की रितिनितियो को पहुँचाया जाएगा एवं भाजपा को मजबूती से आगे बढ़ाने की कार्य किया जाएगा। इस दौरान मण्डल महामंत्री अभिषेक वर्मा,भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष मुनि भुसरी मौजूद रहे।।

# राहगीरों को गर्मी से दिलाई राहत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज जी के शहीदी दिवस पर नगर के मुख्य चौराहे पर व्यापारियों ने ठंडे मीठे की छबील लगाई। साथ ही कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए आने जाने वाले राहगीरों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर जसपाल सिंह जस्सा, गुरदीप सिंह, जीत सिंह, हरजीत सिंह, अमरजीत सिंह कुलदीप सिंह, अमित अरोरा बलदेव सिंह आदि व्यापारी मौजूद थे।



# अल्पसंख्यक महिला सम्मेलन में बताई केन्द्र सरकार की उपलब्धियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की पूर्व प्रदेश मंत्री फरजाना बेगम ने महाजनसंपर्क अभियान के तहत किच्छा ग्रामीण में झकझोर फार्म पर अल्पसंख्यक महिला सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां बतायी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में पिछले नौ वर्षों से चल रही सरकार ने ऐतिहासिक फैसले लेकर देश का नाम पूरे विश्व में उंचा किया है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जनता का विश्वास मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता एक बार फिर प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनायेगी। फरजाना बेगम ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,इंतजार हुसैन, जुल्फिकार अली, फारूक अहमद आदि भी मौजूद थे।

# कोचर परिवार ने राहगीरों को बांटा शरबत

गदरपुर(उद संवाददाता)। समाजसेवी कोचर परिवार द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर दिन भर सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर राहगीरों की सेवा की गई। इस दौरान वहां से गुजरने वाले वाहनों को रुकवाकर लोगों को मीठा शरबत बांटा गया। छोटे बच्चों ने भी इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी दिखाई। राहगीरों ने



भी इस तेज गर्मी में छबील लगाकर लोगो को मीठा पानी पिलाकर पुण्य का कार्य किया। इस दौरान किशन कोचर, बरीत कोचर, अमित कोचर, अमन कोचर, कपिल कोचर, आकाश कोचर, अभिषेक कोचर, शिवम कोचर,संगम कोचर,वंश कोचर मौजूद थे।

गुरू माँ
GURU MAA ENTERPRISES

AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरुनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# युवाओं को सरकारी नौकरियों के साथ ही स्वरोजगार से भी जोड़ रही सरकार : धामी

## सीएम ने सीमान्त गाँवों का विकास कैसे हो विषय पर स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ किया संवाद

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तरकाशी स्थित लो.नि.वि. निरीक्षण भवन परिसर में अयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सीमान्त गाँवों का विकास कैसे हो विषय पर स्कूली छात्र-छात्राओं / एन०सी०सी० कैडेट्स के साथ संवाद किया। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों, पूर्व सैनिक संगठन, स्थनीय जनप्रतिनिधियों, व्यापार मंडल, बार एसोसिएशन व अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद एवं भेंट वार्ता भी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने शौर्य स्थल, उत्तरकाशी के सौंदर्यीकरण एवं टीन सेट लगाने की घोषणा के साथ ही वहां पर प्रतीक्षालय निर्माण कार्य कराने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने शहीदों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज सीमांत गांवों के विकास को प्राथमिकता से लिया जा रहा है। वाइब्रेंट विलेज के तहत सीमांत क्षेत्रों में बसे गांवों को विकसित करने की योजना है। उन्होंने कहा राज्य सरकार, युवाओं को सरकारी नौकरियों के साथ ही स्वरोजगार से भी जोड़ रही है। सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक होमस्टे खुलें और स्थानीय लोगों को वहीं पर रोजगार मिले, इन नीतियों पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्वत माला मिशन के तहत प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को रोप-वे से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें यमुनोत्री धाम भी शामिल है। वरुणावर्त पर्वत को भी रोप-वे से जोड़ने पर कार्य किया जाएगा। चारधाम यात्रा विकासनगर-पुरोला से भी चले इस पर भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हर्षिल जैसी सीमांत घाटियों में एप्पल मिशन के तहत सेब की खेती को बढ़ाए जाने के मकसद से राज्य सरकार ने एप्पल मिशन में धनराशि का प्रावधान 6 करोड़ से बढ़ाकर 35 करोड़ कर दिया है। जिससे अधिक से अधिक किसानों को इससे फायदा मिलेगा। इस दौरान विधायक सुरेश चौहान, विधायक दुर्गेश लाल, विधायक संजय डोभाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राणा, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, मीडिया प्रभारी (भाजपा) मनवीर चौहान, राम सुन्दर नौटियाल एवं अन्य लोग मौजूद रहें।





# इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए बांटा मीठा जल तथा तीखे चने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोगों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने की कामना को ले कर रम्पुरा वार्ड 24 के समाजसेवी अनिल पाल द्वारा इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए वार्ड में मीठा जल तथा चने का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने पूजा अर्चना के साथ मीठा जल तथा चने वितरण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में यह मान्यता है कि वर्षा की कामना के लिए यदि मीठा जल तथा तीखे



चने प्रसाद के रूप में वितरित किए जाएं तो इंद्र देवता निश्चित रूप से प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम संयोजक अनिल पल सहित सभी सहयोगियों के इस कार्य की सराहना की। प्रसाद वितरण का कार्य कई घंटे तक चला। इस मौके पर एंड. अमलेश कोली, रोहित कोली, बंटी कोली, राजेन्द्र कोली, अमित, हरीश,आदित्य पाल, रामपाल कोली, भीमसेन कोली,छत्रपाल कोली, विजय कोली, विनोद कोली, संजय कोली, अशोक कोली, रवि कोली, राजकुमार कोली, निरपत कोली, आकाश कोली, ऋतिक कोली,तरुण कोली आदि मौजूद थे।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# सचिव बगौली ने पिथौरागढ़ में किया स्थलीय निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। चार दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे सचिव कार्मिक एवं सतर्कता, उच्च शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, मंत्री परिषद, सूचना शैलेष बगौली ने गत दिवस राजकीय



महाविद्यालय, विकासखण्ड विण के अंतर्गत स्थित थरकोट में मत्स्य तालाबों, विण स्थित पोल्ट्री फार्म, टकाना स्थित सरस मार्केट में हिलांस आउटलेट का स्थलीय निरीक्षण किया। राजकीय महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान सचिव ने महाविद्यालय की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य को निर्देश दिये कि महाविद्यालय में स्थापित लेब हेतु जिन आवश्यक उपकरणों की आवश्यकता है उनके प्रस्ताव बनाकर शीघ्र शासन को भेजे जायें। उन्होंने कहा महाविद्याल में शिक्षण कार्य और बेहतर ढंग से किया जाय ताकि विद्यार्थी अधिगम कार्यों में रुचि लें। तत्पश्चात सचिव द्वारा विकासखंड विण के अंतर्गत थरकोट में स्थित मत्स्य तालाबों का निरीक्षण किया गया तथा स्थानीय ग्रामीणों से संवाद भी किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या से सचिव को अवगत कराया गया। जिस पर सचिव ने जिला प्रशासन को ग्रामीणों की पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिये। इसके बाद सचिव श्री बगौली ने विण स्थित पोल्ट्री फार्म का स्थलीय निरीक्षण किया तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को फार्म में अंडा एवं चूजा उत्पादन को बढ़ाने के निर्देश दिये। सचिव ने टकाना स्थित सरस मार्केट में हिलांस आउटलेट में पहुंचकर स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार उत्पादों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रीना जोशी, मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी ,रीप परियोजना से प्रीतम भट्ट आदि उपस्थित थे।

# सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण का मेयर ने किया शिलान्यास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गांधी कालोनी स्थित बाल्मिकी मंदिर सामुदायिक भवन का मेयर रामपाल सिंह ने वार्डवासियों से किया हुआ वायदा पूरा करते हुए सामूदायिक भवन



के सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया। मेयर रामपाल सिंह के निर्देश पर सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण काम शुरू होने पर वार्डवासियों ने मिष्ठान वितरित करते हुए मेयर रामपाल सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल ने कहा कि शहर के सभी वार्डों का विकास उनकी प्राथमिकता है। बीते करीब साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने हर वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराने का प्रयास किया है। जो भी घोषणा करते हैं उसे धरातल पर अवश्य उतारते हैं। मेयर ने कहा कि जनता ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है उस पर खरा उतरने के लिए उन्होंने आज तक कोई कसर नहीं छोड़ी है। मेयर ने कहा कि संसाधनों के अभाव के बावजूद नगर निगम शहर को संवारने में लगा हुआ है। आगे भी इसमें कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष बंटी राजोरिया, राजेश कुमार, मुकेश राजोरिया, गिरीश चंद, ज्ञानचंद, सुग्रीव सिंह, सुरेंद्र कुमार,विनोद मरोठिया, संजीव खेरालिया, विशाल सिंह, हैप्पी चौहान, आकाश यादव, सुमित यादव, अमित देवल, विनीता मरोठिया,प्रिया आदि मौजूद रहे।

# अनुसूचित समाज का सम्मान भाजपा सरकार में ही सम्भव: रामपाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। देश भर में चलाये जा रहे भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत रूद्रपुर के मेयर एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल सिंह ने केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने नौ वर्ष के कार्यकाल में हर वर्ग पर विश्वास कायम किया है। दलित समाज भाजपा सरकार में खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। अनुसूचित जाति समाज का सम्मान व उत्थान भाजपा सरकार में ही सम्भव है। भाजपा का संकल्प डॉ. अंबेडकर का भारत बनाने का है। मेयर रामपाल ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी जिसके सार्थक परिणाम सामने आये हैं और लोग स्वच्छता को लेकर जागरूक हुए हैं। 2015-2023 के बीच 11.5 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए गए हैं। 2014-15 से 2022-23 तक अनुसूचित जाति समाज के लिये 1करोड़ 79 लाख 87 हजार से अधिक व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण करवाया गया है। पीएम आवास योजना से सीधे तौर पर लाभान्वित 1.61 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी अनुसूचित जाति परिवार हैं। केन्द्र सरकार ने ऐतिहासिकि निर्णय लेते हुए 26 नवंबर संविधान निर्माण की तिथि' के दिन को संविधान दिवस घोषित किया और पहली बार संविधानि दिवस पर संसद में दो दिवसीय चर्चा आयोजित की गई। बाबासाहेब के जीवन से जुड़ सभी ऐतिहासिक स्थलों को केवल भूमि व स्थल न मानकर अपितु उनको तीर्थ स्थल का सम्मान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा ही सम्भव हुआ। बाबा साहेब के जीवन से जुड़ी पाँच महत्वपूर्ण स्थानों को भाजपा सरकारों ने पंचतीर्थ के रूप में विकसिति किया गया। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीम ऐप का शुभारंभ किया और भारत ने डिजिटल युग की ओर कदम बढ़ाया। भारतीय राजनीति के इतिहास में पहली बार, नरेंद्र मोदी सरकार में महत्पूर्ण निर्णय लेने वाले पदों पर 12 अनुसूचित समाज के नेताओं को सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य हेतु केंद्रीय मंत्री परिषद में शामिल किया गया है। पहली बार अनुसूचित समाज के स्वतंत्रता सेनानियों को केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किये गये आजादी का अमृतमहोत्सव के द्वारा मुख्य धारा में लाया गया है। आज अनुसूचित आकांक्षाओं को इतिहास और पहचान से जोड़कर देखा और बताया जा रहा है। धारा 370 और 35 अ को समाप्त कर जम्मू कश्मीर के अनुसूचित जाति वर्ग को 70 वर्ष बाद सामाजिक न्याय व सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया जिसके फल स्वरूप विधानसभा चुनावों में पहली बार आरिक्षत सीटें हुई एवं नौकिरयों में आरक्षण लागू हुआ। इससे एक देश एक संविधान की भावना मजबूत हुई है। पहली बार केन्द्र शासित राज्य जम्मू और कश्मीर में अनुसूचित जाति के (7) और अनुसूचित जनजाति के (9) के लोगों को समान प्रितिनिधत्व का अवसर प्रदान करने के लिये 16 विधानसभा सीटें आरिक्षत की गई। सरकार ने पहली अम्बेडकर सर्किट पयर्टक ट्रेन की शुरू की है इस ट्रेन के रूट में डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थानों को कवर करती है। केन्द्र सरकार ने अनुसूचित जाति के लिये मेट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति स्कीम को पूर्ण रूप से सुदृढ़ किया है। अनुसूचित जाति छात्रों के लिये मुफ्त कोचिंग योजना का उद्देश्य अर्थिक रूप से वंचित अनुसूचित जाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिये अच्छी गुणवत्ता की कोचिंग प्रदान करना है ताकि वे प्रितयोगी परीक्षाओं में शामिल हो सकें और सावर्जिनक/निजी क्षेत्र में उपयुक्त नौकरी प्राप्त करने में सफल हो सकें। मेयर रामपाल ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज का सम्मान व उत्थान भाजपा सरकार में ही सम्भव है। भा.ज.पा का संकल्प डॉ. अंबेडकर का भारत बनाने का है। वहीं प्रदेश की धामी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने गरीब परिवारों को तीन रसोई गैस सिलेंडर नि:शुल्क उपलब्ध कराकर राहत दी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना ,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना ,राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना, अस्पतालों में नि:शुल्क जाँच, अटल आयुष्मान योजना, कठोर धर्मांतरण कानून, नकल विरोधी कानून जैसी तमाम बड़ी उपलब्धियां हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेन्द्र वाल्मीकि, महामंत्री नितिन चरन, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, राजेश कोली, मुकेश कोली, सचिन चरन, अंकित कुमार, रिंकू कोली, भैरव कोली, अमित कोली, जगदीश कोली, विनोद कोली, चंदन जायसवाल, जितेन्द्र गौतम आदि भी मौजूद रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय


सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मणिपुर की सामुदायिक हिंसा

हिंसा के जरिए किसी भी समूह को हासिल क्या होगा, लेकिन इतना तय है कि सरकार के सामने फिलहाल मुख्य चुनौती ऐसे तत्त्वों की पहचान करने और उन्हें रोकने की है, जो शांति की राह में सुनियोजित तरीके से अड़चनें पैदा कर रहे हैं। मणिपुर में हालात की जटिलता के मद्देनजर सरकार ने सुरक्षा के मोर्चे पर सख्ती से लेकर शांति समिति गठित करने की जो कवायदें जारी रखी हैं, उससे इस बात की उम्मीद बंधती है कि जल्दी ही वहां हल का कोई रास्ता निकलेगा। लेकिन अब भी रह-रह कर हिंसा की आग जिस तरह भड़क रही है, उससे यही लगता है कि वहां कुछ ऐसे समूह हैं, जिनकी मंशा समस्या का समाधान निकालने के बजाय अराजकता का माहौल बनाए रखना है।हालांकि यह समझना मुश्किल है कि हिंसा के जरिए किसी भी समूह को हासिल क्या होगा, लेकिन इतना तय है कि सरकार के सामने फिलहाल मुख्य चुनौती ऐसे तत्त्वों की पहचान करने और उन्हें रोकने की है, जो शांति की राह में सुनियोजित तरीके से अड़चनें पैदा कर रहे हैं। मणिपुर में पहले ही कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा थम नहीं रही है और इससे निपटने में सरकार को कई तरह की मुश्किलें पेश आ रही हैं। लेकिन शुक्रवार को एक बार फिर राजधानी इंफल में वेस्ट जिले के एक गांव में जो घटना हुई है, उससे हालात और बिगड़ने की आशंका पैदा हुई है। गौरतलब है कि वहां सुरक्षाकर्मियों के वेश में आए कुछ उग्रवादियों ने तलाशी अभियान के बहाने तीन लोगों को उनके घर से बाहर बुलाया और गोली मार कर उनकी हत्या कर दी। जिस समय राज्य में प्राथमिक जरूरत शांति स्थापित करना है और उसके लिए शुरू की गई प्रक्रिया में सभी संबंधित पक्षों को सक्रिय होकर भागीदारी करनी चाहिए, वैसे में इस तरह की हिंसा और हत्या की एक घटना सुधरती स्थिति को फिर से बिगाड़ सकती है। सवाल है कि अगर अधिकारियों का शक सही है कि हिंसा की इस घटना में मैतेई समुदाय के लोग शामिल हैं, तो यह समझने की जरूरत है कि मौजूदा विवाद में वे एक मुख्य पक्ष हैं और अगर किसी की ओर से भी शांति की कोशिशें बाधित होंगी तो हालात कैसे होंगे। खासतौर पर ऐसी स्थिति में, जबकि इससे पहले भी हत्या और हिंसा की लगातार घटनाओं ने जातीय टकराव को और तीखा ही किया है। यों मणिपुर में जिस स्तर पर हिंसा फैली, वह किसी साजिश का भी परिणाम हो सकती है। मणिपुर में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग के खिलाफ पिछले महीने की शुरुआत में पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता जुलूस' के आयोजन के बाद हिंसा फैल गई थी, जिसमें अब तक करीब सौ लोगों की जान जा चुकी है और कई सौ घायल हो चुके हैं। इसके अलावा, हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। विडंबना यह है कि केंद्रीय गृहमंत्री के प्रभावित इलाकों के दौरे से लौटने के बाद भी आगजनी और हिंसा की कई घटनाएं हुईं। सवाल है कि अगर हिंसा और अराजकता की यह स्थिति बनी रही तो इससे किसका हित पूरा होगा? आखिर किसी मांग को लेकर आंदोलन करने वाले या फिर हिंसा से प्रभावित सभी पक्ष मसले का हल ही चाहते होंगे। तो क्या यह सभी के हित में नहीं होगा कि अगर सरकार ने शांति समिति बनाई है, तो उसके प्रयासों में शामिल होकर पहले स्थिति को सामान्य बनाने को प्राथमिकता दी जाए! संभव है कि अचानक पैदा हुई परिस्थितियों में कुछ समुदायों के बीच क्षोभ पैदा हुआ, लेकिन इसका हल अराजकता से नहीं निकल सकता। सरकार को शांति समिति के जरिए हालात को सामान्य बनाने के साथ-साथ पर्दे के पीछे से हिंसा फैलाने वाली ताकतों को भी कानून के कठघरे में लाना चाहिए। सबसे पहली जरूरत मैतेई और कुकी जातीय समूहों के बीच अविश्वास की स्थिति को दूर करने की है, तभी ठोस समाधान की राह भी निकल सकेगी।

# क्या इंसान का दिमाग कभी खाली होता है?

शैतान का घर, शैतान का घर होता है। 'खाली दिमाग' शैतान का घर नहीं होता। शैतान, शैतान के ही घर में प्रवेश करता है। तुम्हारे घर में कौन आ रहा है, ये इस पर निर्भर करता है कि तुम कौन हो। तुम शैतान हो, तुम्हारे घर में शैतान आएगा। तुम साधु हो, तुम्हारे घर में साधु आएगा। ये सब लोकोक्तियाँ हैं। इनके पीछे आवश्यक नहीं है कि बोध की गहराई हो। मन के केंद्र पर कौन बैठा है, वो निर्धारित करता है कि मन की सामग्री कैसी होगी। मन के केंद्र पर शैतान बैठा है, तो दुनिया भर के शैतानों को आमंत्रित करेगा वो। मन के केंद्र पर साधु बैठा है, तो वहाँ साधुओं की भीड़ रहेगी। तुम कौन हो? तुम जो हो, उसी अनुसार तुम्हारे मन में विचार चलेंगे। यहाँ बात खाली होने की, या भरे होने की नहीं है। यहाँ बात, केंद्र में कौन है, उसकी है। तुम क्या बने बैठे हो? 'अहम' की जो तुम्हारी परिभाषा होगी, मान्यता होगी, वो तुम्हारा संसार निर्धारित कर देगी। और बिलकुल ठीक कहा, "भरे दिमाग में भी तो शैतान ही चलते हैं।" जब घर ही शैतान का है, तो उसमें कौन भरे नजर आएँगे? शैतान ही शैतान। तो जो लोग सोचते हैं कि ख्र खाली दिमाग में शैतान होता है, और भरे दिमाग में भगवान होता है ख्र वो बिलकुल ही नासमझ हैं।खाली हो, या



भरा हो, फर्क नहीं पड़ता। बात ये है कि घर किसका है? शैतान भी नाम -पट्टिका देखकर अंदर आता है। तुम्हारे मन में अगर शैतान घूम रहा है, तो शैतान को दोष मत दो। तुम शैतान हो, तब वो आया है। मजाल है शैतान की, कि साधु के घर में घुस जाए। और साधु को शैतान के घर से क्या लेना-देना? वो वहाँ नहीं घुसेगा। तुम जैसे हो, तुम अपने इर्द-गिर्द वैसा ही संसार रच लेते हो। फिर पूछा है ख्र खाली दिमाग क्या होता है? क्या किसी ने खाली दिमाग का अनुभव भी किया होगा? साधु के दिमाग में साधु आते हैं। पर साधु की नीयत कहीं टिकने की तो होती नहीं। साधु तो रमता है, क्योंकि इस धरती पर उसका घर नहीं हो सकता, यहाँ बस वो रमण-भ्रमण कर सकता है। घर तो उसका 'वहाँ' होना है। तो इसीलिए तुम सुनते हो न, "रमता जोगी"। वो रमता क्यों है? क्योंकि घर यहाँ क्या बनाना?, घर तो 'वहाँ' है। तो साधु के घर में, साधुओं की भीड़ खड़ी भी हो गई, तो क्या करेगी? वो सफाई वगैरह करेगी, ठीक-ठाक करेगी, धूप-दिया करेगी, और रवाना हो जाएगी अपने असली घर की ओर। तो साधु का घर खाली रहेगा। न सिर्फ उसमें मेहमान नहीं रहेंगे, उसमें वो भी नहीं रहेगा, जिसका वो घर है, क्योंकि उसको भी 'वहीं' जाना है। ये होता है खाली दिमाग। वो संसार से भरा नहीं होता। पर खाली तुम्हारा दिमाग हो सके, उसके लिए आवश्यक है कि पहले तुम्हारा दिमाग साधुओं से भरे। साधु आएँगे, तो तुम्हारे घर को खाली कर जाएँगे। ऐसा नहीं कि कुछ लूट ले जाएँगे। शैतान? शैतान वो है, जिसको इस दुनिया में ही अड्डा बनाना है। उसे यहीं रुकना है। उसे लगता है यहीं सबकुछ है। शैतान आएगा, वो अड्डा बनाएगा। वो चिपक जाएगा। जिसके दिमाग में शैतान है, जो स्वयं शैतान है, उसका दिमाग हमेशा भरा हुआ होगा। शैतान कहीं जाने वाला नहीं। उसे रुकना है, बैठना है। साधु का काम है ख्र आना, साफ करना, और रवाना हो जाना।

**-आचार्य प्रशान्त ( वेदांत मर्मज्ञ, लेखक पूर्व सिविल सेवा अधिकारी संस्थापक, प्रशान्त अद्वैत फाउंडेशन )**

# परमार्थ निकेतन पहुंचकर गदगद हुए कुमार विश्वास

## युवाओं के पास गति भी हो और दिशा भी : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास और सदस्य नीति आयोग डॉ. वी.के. सारस्वत आये। उन्होंने परमार्थ निकेतन गंगा आरती में सहभाग किया। दोनों विशिष्ट अतिथियों ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी से भेंट कर विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों में सहभाग किया। स्वामी जी ने श्री कुमार विश्वास और डा वी के सारस्वत जी को रूद्राक्ष का पौधा भेंट किया।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने युवाओं का आह्वान करते हुये कहा कि युवाओं के पास गति भी हो और दिशा भी हो तो जीवन बेहतर, सरल और समृद्ध बन जाता हैं यही संदेश महात्मा गांधी जी ने भी दिया और राष्ट्रभक्ति व रामभक्ति का संदेश हमारे कुमार विश्वास दे रहे हैं। स्वामी जी ने कहा कि जब से हमारे युवा आन लाइन हुये है ऐसे में कई बार देखने को मिलता है कि इंसानियत आफ लाइन होती जा रही है इसलिये अपने वाईफाई सिग्नल के साथ अपने सिग्नल पर भी ध्यान दें। अपनी संस्कृति, अपने मूल, और अपने



मूल्यों से जुड़ने का संदेश देते हुये स्वामी जी ने कहा कि माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं है। अपने संस्कारों को सदैव याद रखे और अपने संस्कारों को थाम कर रखे।कवि कुमार विश्वास जी ने गंगा जी की आरती जैसे दिव्य आयोजन हेतु पूज्य स्वामी जी का आभार व्यक्त करते हुये अपनी मनोरम कविता 'खिलौने साथ बचपन तक, जवानी बस रवानी तक। सभी अनुभव भरे किस्से बुढ़ापे की कहानी तक।। जमाने में सहारे है सभी बस जिंदगी भर के। मगर के जिंदगी के आखरी पल का सहारा है।। ये गंगा का किनारा है, ये गंगा का किनारा है।। ये गंगा का किनारा है, ये गंगा का किनारा है।' सुना कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।स्वामी जी ने सभी को गंगा जी के तटों को स्वच्छ रखने का संकल्प कराया। कुमार विश्वास श्रृंगार रस के प्रसिद्ध कवि हैं। उनके द्वारा लिखा काव्य संग्रह 'कोई दीवाना कहता है' युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय रहा। उन्होंने कई सुंदर कविताएं लिखी हैं जिनमे हिंदी कविता के नवरस मिलते हैं। उनके लिखे गीतों को फिल्मों में भी स्थान प्राप्त हैं। उन्होंने अपने से पूर्व में हुए महान कवियों को श्रद्धांजलि देते हुए 'तर्पण' नामक टीवी कार्यक्रम भी बनाया, जिसमे स्वयं विश्वास ने पुराने कवियों की कविताओं को अपना स्वर दिया है। उनके द्वारा लिखा 'अपने-अपने राम' ने भी अत्यंत प्रसिद्ध हुआ।

# मानव सेवा से ओत प्रोत रक्तदान-महादान

विश्व रक्तदाता दिवस हर साल 14 जून को मनाया जाता है। मुझे इस विषय पर लिखते लिखते अकस्मात ही अभी हाल में ही भीषण रेल दुर्घटना जो उड़ीसा के बालासोर में घटित हुई। यह त्रासद ट्रेन दुर्घटना अकस्मात मस्तिष्क में कौंध गई। हालांकि यह बहुत ही दु:खद और मानवीय त्रासदी थी। दुर्घटना के बारे में देख सुनकर मन बहुत ही व्यथित था। लेकिन मैंने जब टीवी और अखबारों में देखा मानवीयता और करुणा के प्रतिमूर्ति रूप में दुर्घटनाग्रस्त रेल के यात्रियों को स्थानीय लोगों ने तत्काल और त्वरित सहायता पहुंचाने के लिए जिसको जहां मिला वही बचाव कार्य और सहायता कार्य के लिए दौड़ पड़ा। लोगों में होड़ लगी थी दुर्घटना ग्रसित यात्रियों को बचाने की। फिर देखा लंबी कतारें अपना रक्तदान करने के लिए लगी हुई थी। इन रक्तदाताओं का कहना था कि कोई भी यात्री रक्त की कमी से मौत के मुंह में ना जा सके। इसलिए जितनी भी रक्त की आवश्यकता होगी, देने को हर व्यक्ति आतुर - तत्पर था। यह देखकर मुझे बड़ा सुखद एहसास हुआ। शोक संतप्त मन को यह देखकर बड़ा ही सुकून मिला कि आज भी मानव और मानवता का संबंध उतना ही अटूट है। मनुष्य तो हमेशा ही मानवता और करुणा के साथ है। यह इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मैंने देखा। मैं इन स्वप्रेरित बचाव और सहायता करने वाले देवता तुल्य लोगों को सैल्यूट करता हूं। जिनके कारण कई घायल यात्री और मौत के मुंह में जाते यात्रियों की जान सलामत बच सकी। अब रक्तदान के जरिए लोगों की जान बचाने के लिए जागरुकता फैलाने के लिए इसे प्रतिष्ठित किया जा रहा है। हर साल दुनिया भर में लाखों लोग रक्त और प्लाज्मा दान करने का निर्णय लेते हैं; यही कारण है कि इसे विश्व रक्तदाता दिवस कहा गया है। हर साल विश्व रक्तदाता दिवस जैसे रक्तदान कार्यक्रमों में लोग क्यों हिस्सा लेते हैं? इसके कई कारण हैं। सबसे पहले, यह कई लोगों के जीवन को बचाने का एक तरीका है, जो बीमारियों और स्थितियों से प्रभावित हैं। इसके अलावा, रक्तदान करने से ये रोगी अपना चिकित्सा उपचार जारी रख सकेंगे, जिससे उन्हें बीमारी से बचने के बेहतर मौके मिलेंगे। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें अपनी दवाओं या दवाओं को छोड़ना होगा अगर वे उन्हें लेने में असहज महसूस करते हैं तो वे हमेशा उनसे पीछे हटने का विकल्प चुन सकते हैं। 2004 में विश्व रक्तदाता दिवस को पहली बार डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रतिष्ठित किया गया था। 58वीं विश्व स्वास्थ्य सभा, 2005 में इसे रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वार्षिक वैश्विक कार्यक्रम के



रूप में घोषित किया गया था। कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है, वह ऑस्ट्रियाई अमेरिकी इम्यूनोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और 1930 में एबीओ रक्त समूह प्रणाली और आधुनिक रक्त आधान के विकास और खोज के कारण नोबेल पुरस्कार विजेता थे।विश्व रक्त दाता दिवस की स्थापना दुनिया के विभिन्न हिस्सों के लोगों को एक साथ लाने के लिए की गई थी, जिनका समान हित है । कोरोना वायरस, एचआईवी / एड्स, हेपेटाइटिस आदि जैसी बीमारियों से प्रभावित पुरुषों और महिलाओं के जीवन को बचाना। इस दिन, दुनिया के विभिन्न देशों से पुरुषों और महिलाओं सहित स्वयंसेवक, जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए रक्त और प्लाज्मा दान करते हैं। यदि आप उन लोगों में से एक हैं जो मदद करना चाहते हैं और रक्त दान और प्लाज्मा दान में भाग लेने का समय नहीं पा सकते हैं, तो आप अपना रक्त साझा करके इसकी भरपाई कर सकते हैं। विश्व रक्तदाता दिवस के दौरान अन्य लोगों की मदद करने का यह सबसे आसान तरीका है।रक्तदान का महत्व न केवल जीवन से वंचित हजारों लोगों के जीवन को बचाने के लिए है, बल्कि कई अन्य लोगों के जीवन को बचाने के लिए भी है जो विभिन्न बीमारियों से प्रभावित हैं और उन्हें कई बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। यह भी देखा गया है कि जब लोगों ने अपना रक्तदान किया है, तो उन्हें कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुए हैं। अधिकांश लोग जो अपना रक्त दान करते हैं वे अपनी बीमारियों से तेजी से ठीक हो जाते हैं और लंबा जीवन भी जीते हैं, यह वजन घटाने में भी मदद करता है, स्वस्थ यकृत और लोहे के स्तर को बनाए रखने में, दिल के दौरे और कैंसर के जोखिम को कम करता है। हम आपकी रक्तदान से जुड़ीं भ्रांतियों को दूर करते हैं और इस महादान से संबंधित जरूरी बाते आपको बताते हैं - एक औसत व्यक्ति के शरीर में दस यूनिट यानी (5-6 लीटर) रक्त होता है। रक्तदान करते हुए डोनर के शरीर से केवल एक यूनिट रक्त ही लिया जाता है। कई बार केवल एक कार एक्सीडेंट (दुर्घटना) में ही, चोटील व्यक्ति को सौ यूनिट तक के रक्त की जरूरत पड़ जाती है। एक बार रक्तदान से आप तीन लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। भारत में सिर्फ सात प्रतिशत लोगों का ब्लड ग्रुप श्० नेगेटिवश है। श्० नेगेटिवश ब्लड ग्रुप यूनिवर्सल डोनर कहलाता है, इसे किसी भी ब्लड ग्रुप के व्यक्ति को दिया जा सकता है। इमरजेंसी के समय जैसे जब किसी नवजात बालक या अन्य को खून की आवश्यकता हो और उसका ब्लड ग्रुप ना पता हो, तब उसे श्० नेगेटिवश ब्लड दिया जा सकता है। ब्लड डोनेशन की प्रक्रिया काफी सरल होती है और रक्त दाता को आमतौर पर इसमें कोई तकलिफ नहीं होती हैं।कोई व्यक्ति 18 से 60 वर्ष की आयु तक रक्तदान कर सकता हैं।रक्त दाता का वजन, पल्स रेट, ब्लड प्रेशर, बॉडी टेम्परेचर आदि चीजों के सामान्य पाए जाने पर ही डॉक्टर्स या ब्लड डोनेशन टीम के सदस्य आपका ब्लड लेते हैं।पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने के अंतराल में नियमित रक्तदान कर सकती हैं। हर कोई रक्तदान नहीं कर सकता। यदि आप स्वस्थ हैं, आपको किसी प्रकार का बुखार या बीमारी नहीं हैं, तो ही आप रक्तदान कर सकते हैं। अगर कभी रक्तदान के बाद आपको चक्कर आना, पसीना थे वो आना, वजन कम होना या किसी भी अन्य प्रकार की समस्या लंबे समय तक बनी हुई हो तो आप रक्तदान ना करें।

**- सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# नव मतदाता सम्मेलन में बतायी मोदी सरकार की उपलब्धियां

गदरपुर(उद संवाददाता)।नगर के गूलरभोज रोड स्थित मौर्य एकेडमी के सभागार में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले किया गया। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नव मतदाता सम्मेलन के दौरान आए युवाओं को भारतीय जनता पार्टी केंद्र सरकार एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को बताते हुए अपने मत का सही प्रयोग करने एवं देश हित में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से युवा पीढ़ी में एक अलग ही ऊर्जा का संचार हुआ है और हमारे भारत देश के युवाओं ने विदेशों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और आज का युवा पूर्ण रूप से भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों एवं देश हित के लिए ले रहे निर्णय को समझती है और उन्हें विश्वास है कि देश का युवा बढ़-चढ़कर भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़कर चलेगा। इस दौरान समन मुंजाल, शोबित हुड़िया, प्रियांशु गुप्ता, शिवम् कुमार,विक्रमजीत सिंह,विभोर चावला, वकुल अरोरा आदि मौजूद रहे।







# चार वांछित वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित वारंटियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि एसएसपी के निर्देश पर बांसफोड़ान चौकी प्रभारी सुनील सुतेड़ी ने उपनिरीक्षक दीपक जोशी, कांस्टेबल कैलाश चंद्र व जगदीश भट्ट को साथ लेकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाते हुए ताबड़तोड़ दबिश देकर गैंबलिंग एक्ट में फरार चल रहे मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी शुएब पुत्र अमजद, एन आई एक्ट में फरार मोहल्ला महेशपुरा निवासी संजय कुमार पुत्र मोहन, इसी मामले में वांछित मोहल्ला अल्ली खां निवासी माजिद खान पुत्र वाजिद खान तथा मारपीट में वांछित साकरी मस्जिद के पास निवासी नासिर पुत्र बाबू मिरमी को सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उपरोक्त विचारों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।



# बाईक खाई में गिरने से दो की मौत

## टिहरी में टेम्पो ट्रेवलर्स के ब्रेक फेल

उत्तरकाशी। यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी डाबरकोट के निकट एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। मोटर साइकिल सवार राना चट्टी से बडकोट की तरफ आ रहे थे। तभी वह हादसे का शिकार हो गए। रविवार सुबह यमुनोत्री हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त मोटर साइकिल सवार कुनसाला निवासी कुलदीप सिंह राणा की बडकोट में उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरा राना गांव निवासी सोहन सिंह चौहान की हालत गंभीर होने के कारण प्रथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। डा. पवन रावत ने सोहन सिंह चौहान की हालत को गंभीर बताया। देहरादून ले जाते समय नौगांव डामटा के बीच सोहन की भी मौत हो गई। दूसरी तरफ घनसाली से 30 किमी पहले केमुण्डा खाल मंदिर के पास घनसाली की ओर एक वाहन



टेम्पो ट्रेवलर्स सड़क पर पलट गया है। चौकी चमियाला थाना घनसाली द्वारा राहत वचाव कार्य किया गया। चौटिल चार यात्रियों को रेस्क्यू कर उपचार के लिए नजदीकी चिकित्सालय भिजवाया गया। वाहन में गुजरात के कुल नौ तीर्थयात्री सवार थे। जो चारधाम यात्रा के लिए उत्तरकाशी से केदारनाथ के लिए निकले थे। तभी अचानक वाहन का ब्रेक फेल हो गया। जिससे वाहन सड़क पर पलट गया था। सभी नौ यात्रियों में से तीन घायलों का बेलेश्वर में प्राथमिक उपचार किया गया है। जबकि एक व्यक्ति के सीने में चोट है जिसे बेस अस्पताल श्रीनगर रेफर किया जा रहा है।

# युवती को ब्लैकमेल कर रहे युवक को धुना

देहरादून। जौलीग्रांट में हिन्दू संगठनों ने लव जिहाद को लेकर एक युवक पर आरोप लगाते हुए उसका जौलीग्रांट हिमालयन चौक से जुलूस निकाला और जमकर धुनाई कर दी। इस मारपीट में युवक के कपड़े भी फट गए। एक विशेष धर्म से जुड़े युवक पर आरोप लगाया गया कि युवक ने लव जिहाद कर एक मेडिकल की हिन्दू छात्रा की अश्लील फोटो आदि ली हैं और अब वह युवती को ब्लैकमेल कर रहा है। आरोपी का जौलीग्रांट चौक से लेकर कुछ दूरी तक मुख्य मार्ग पर मारपीट करते हुए जुलूस निकाला गया जिसके बाद हिन्दू संगठन के लोगों ने थाने जाकर युवक को पुलिस को सौप दिया। उसके बाद धर्म विशेष के कुछ युवक भी वहां आ गए और हिन्दू संगठन के लोगो पर आरोप लगाया कि उनकी जौलीग्रांट में दुकान है। दुकान के पास उनके साथ भी मारपीट की गई है। डोईवाला कोतवाली में हिन्दू संगठन के लोगों ने खूब नारेबाजी की। थाने में भी दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई जिसके बाद पुलिस फोर्स ने मोर्चा संभालते हुए दोनों पक्षों को किसी तरह शांत किया। हिन्दू संगठन के लोगों की तरफ से पुलिस को तहरीर दी गई। कोतवाल राजेश साह ने कहा कि प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी युवक मिस्सर वाला का बताया जा रहा है।

# संदिग्ध हालातों में युवती लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक और युवती बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवती का पता लगाना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी निवासी 22 वर्षीय ईशा दौढियाल बीते 10 जून को लगभग 6:00 बजे परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं चली गई जिसका अब तक कहीं कोई पता नहीं चला। परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के साथ ही ही रिश्तेदारी आदि में भी पता किया लेकिन युवती का कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवती का पता लगाना शुरू किया है।

# बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व्यापारियों का उत्पीड़नः कुरैशी

काशीपुर(उद संवाददाता)। हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल मे हालिया उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करने के बाद समाजसेवी हाजी शेख अब्दुल अजीज कुरैशी ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन व्यापारी हितों को समर्पित है। वह व्यापारियों के हक हकूक की लड़ाई लड़ते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शेख अब्दुल अजीज कुरैशी ने मुलाकात के दौरान कहा कि हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल वर्तमान में देश के कई राज्यों में अपनी जड़े जमा चुका है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द उत्तराखंड में भी हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल की जिला व नगर स्तरीय इकाई गठित कर दी जाएगी। इसके साथ ही ही महिला प्रकोष्ठ का भी गठन किया जाएगा। इसके लिए शीर्ष पदाधिकारियों द्वारा रूपरेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही व्यापारियों को लेकर एक प्रदेश स्तरीय सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश के तमाम व्यापारियों से एकजुटता की अपील किया। कहा कि भटकाव वाले संगठनों को छोड़कर तमाम व्यापारी आज हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल से जुड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में एकमात्र हिंदुस्तान व्यापार मंडल व्यापार हितों की लड़ाई के लिए सर्वाधिक अग्रणी माना जाएगा। उन्होंने कहा कि आज देश अगर तरक्की के रास्ते पर है तो इसका सर्वाधिक श्रेय व्यापारियों को जाता है लेकिन सरकार व्यापारी हितों को लेकर संजीदा नहीं है। समूचे देश में आए दिन व्यापारियों का उत्पीड़न उनके साथ गंभीर घटनाएं आदि घटित होती रहती हैं लेकिन इसके बाद भी व्यापारियों को न्याय नहीं मिलता।

# टीएमयू फिजियो स्टुडेंट्स ने की साई की विजिट

मुरादाबाद (उद संवाददाता)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फिजियोथैरेपी विभाग की ओर से पीजी प्रथम और द्वितीय वर्ष के स्टुडेंट्स को भारतीय खेल प्राधिकरण- साई के मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम और इंदिरा गांधी स्टेडियम, नई दिल्ली का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। स्टुडेंट्स ने मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम के फिजियोथैरेपी विभाग के संग-संग इंदिरा गांधी स्टेडियम की व्यायामशाला, एक्सरसाइज फिजियोलॉजी, एंथ्रोपोमेट्रिक विभाग, फिजियोथैरेपी पुनर्वास, मनोविज्ञान प्रयोगशाला, बैडमिंटन हाल, जिम्नास्टिक हॉल आदि का भ्रमण किया। इंदिरा गांधी स्टेडियम के वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. दानिश खान ने कहा, टीएमयू के छात्र साई के स्टेडियम से 03 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। फिजियोथैरेपी विभाग की एचओडी डॉ. शिवानी एम. कौल ने बताया, टीएमयू अपने स्टुडेंट्स के हितों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर औद्योगिक भ्रमण कराता है। इससे छात्रों को विषय और क्षेत्र की नवीनतम जानकारी मिलती है, जो छात्रों के करियर मे मील का पत्थर होती है। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम के फिजियोथैरेपी विभाग के डॉ. राहुल चौहान ने खिलाड़ियों को मैदान पर दी जाने वाली चिकित्सा सहायता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्टेडियम की व्यायामशाला में प्रयुक्त होने वाली आधुनिक मशीनों जैसे- शॉक वेव



थैरेपी, कॉम्बिनेशन थैरेपी, हाई पावर लेजर आदि की क्रियाविधि के बारे में समझा। इसके बाद स्टुडेंट्स को इंदिरा गांधी स्टेडियम में वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. दानिश खान ने स्टेडियम में होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। स्टेडियम परिसर में स्थित एक्सरसाइज फिजियोलॉजी- व्यायाम शरीर क्रिया विज्ञान की प्रयोगशाला की वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी डॉ. शुभ्रा चटर्जी ने खेल और व्यायाम के दौरान होने वाले गैसीय परिवर्तन और व्यायाम का हमारे अन्त: शरीर पर होने वाले परिवर्तन के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. शुभ्रा ने छात्रों को प्रयोगशाला की मशीनों के बारे में भी समझाया। फिजियोथैरेपी के स्टुडेंट्स ने एंथ्रोपोमेट्रिक विभाग में विभिन्न शारीरिक मापों से संबंधित मशीनों जैसे- एंथ्रोपोमीटर, स्प्रेडिंग कैलीपर, पैल्विमीटर आदि की क्रियाविधि को भी जाना। छात्रों ने फिजियोथैरेपी पुनर्वास में उपयोग होने वाली नवीनतम मशीनों के संग-संग वैक्यूम ट्रेडनिल का प्रायोगिक परीक्षण भी किया। इसके उपयोग के समय शरीर के उपरी भाग का भार पैरों से 80 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। इसका प्रयोग शरीर के निचले भाग के पुनर्वास के लिए किया जाता है। स्टुडेंट्स ने स्टेडियम की मनोविज्ञान प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया। छात्रों ने बैडमिंटन हाल और जिम्नास्टिक हॉल में अभ्यास सत्र और प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली चिकित्सीय सुविधाओं को भी देखा।विटिज का संचालन फिजियोथैरेपी विभाग की शाजिया मट्टू ने किया। इस अवसर पर श्री हरीश शर्मा के संग-संग फिजियोथैरेपी के 13 पीजी स्टुडेंट्स भी शामिल रहे।इंडस्ट्रीयल विजिट के अलावा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फिजियोथैरेपी विभाग की एनएसएस इकाई की ओर से केयर इन प्रेग्नेंसी एंड पर्सनल हाईजीन पर मुरादाबाद के गांव फलेंदा सुल्तानपुर में चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में गर्भावस्था के दौरान मातृ एंवम् शिशु मृत्यु दर को कम करना और महामारी के दौरान होने वाले विकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर ग्रामीण महिलाओं ने महामारी और गर्भावस्था में देखभाल के तरीकों से जुड़े प्रश्न भी पूछे, जिनका फिजियोथैरेपी विभाग की ओर से उचित समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में फिजियोथैरेपी के 15 डॉक्टर्स शामिल रहे।

## पेज एक का शेष...

**सिग्नल में गढ़बड़ी से हुआ ...**कोरोमंडल मेन लाइन की बजाय लूप लाइन पर चली गई थी, जिस पर पहले से ही मालगाड़ी खड़ी थी। इस मामले में सीबीआई स्टेशन मास्टर, एक टेक्नीशियन और अन्य कुछ कर्मचारियों को हिरासत में लेकर गुप्त स्थान पर पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि 2 जून को कोलकाता से चेन्नई जा रही कोरोमंडल सुपरफास्ट एक्सप्रेस बाहानगा बाजार स्टेशन पर एक मालगाड़ी से टकराकर पलट गई थी। इसी दौरान भद्रक आ रही यशवंतपुर-हावड़ा सुपरफास्ट के 2 डिब्बे कोरोमंडल कोच से टकराकर पटरी से उतर गए। हादसे में दोनों ट्रेनों के 288 यात्रियों की मौत हो गई और 1200 से ज्यादा यात्री घायल हो गए।

**ब्राजील ये पहुंचा नेवी....**में कोहराम मच गया। परिजनों ने प्रशासन से सहजदीप सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी जिस पर एसआई मुकेश मिश्रा ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोर्चरी में पंचनामे की कार्रवाई के दौरान विधायक शिव अरोरा, के साथ ही पूर्व सभासद गुरदीप सिंह गाबा समेत तमाम लोग वहां पहुंच गये। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी। पोस्टमार्टम के बाद सहजदीप सिंह चावला का गमगीन माहौल में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। सहजदीप सिंह दो भाईयों में बड़े थे।

**लोकसभा चुनाव की तैयारियों..**नामों को जोड़ना है। जिन मतदाताओं के नाम पिछले चुनाव में सूची से कट गए थे ऐसे मतदाताओं का सर्वे करने के बाद नाम को दोबारा से जोड़ने को लेकर डीएम युगल किशोर पंत ने आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए । इसके साथ ही उनके द्वारा चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी अधिकारियों से चर्चा की और कहा कि सभी अधिकारी अभी सही चुनाव की तैयारियों में लग जाएं ताकि चुनाव के समय दिक्कतों का सामना न करना पड़े। प्रशिक्षण देने पहुंची मास्टर ट्रेनर युक्ता मिश्रा ने बताया कुमाऊं भर के अधिकारियों को रुद्रपुर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन चुनाव से संबंधित ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसमें 5 दिन अधिकारियों को चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी उन्होंने बताया प्रदेश में चुनाव से संबंधित दो जगह प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है। गढ़वाल मंडल का देहरादून में और कुमाऊं मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रुद्रपुर में किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद आगामी लोकसभा चुनाव में अधिकारियों को काम करने में आसानी होगी।

**साइबर ठगों ने ...**सिंह ने बताया कि बीते 15 अप्रैल को उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि उसका कोरियर डीएक्टिवेट हो गया है। एक्टिवेट करने के लिए 5 का ट्रांजैक्शन करना होगा। महिला ने पुलिस को बताया कि ट्रांजैक्शन करने की दूसरे दिन उसके बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से 99 हजार 999 रुपयों की रकम निकल गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

**कांग्रेस नेता ...**दी जा रही है। पनेरू ने आरोप लगाया कि 7 जून को भी कुछ लोगों ने उन पर हमला कराने के लिए उत्तर प्रदेश से लोग बुलाये थे। पनेरू ने कहा कि उक्त लोगों से उन्हें अपनी और अपने परिवार की जान का खतरा है। उन्होंने जान माल और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगायी है। इस सम्बंध में पनेरू ने मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

CONSTRUCTING HAPPINESS

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000